Title: Need to set up a Navodaya Vidyalaya in Parbhani parliamentary constitutency, Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र परभनी में एक नवोदय विद्यालय था लेकिन मेरे डिस्ट्रिक्ट का बायफरकेशन होने से वह हिंगोली में चला गया। जब आप महाराट्र के मुख्यमंत्री थे, उस समय हिंगोली जिला हमारे क्षेत्र से अलग हो गया जिससे वह नवोदय विद्यालय हिंगोली में चला गया। मेरा क्षेत्र 20-22 लाख की जनसंख्या वाला क्षेत्र है। वहां 10-12 लाख वोटर्स हैं। मेरा जिला शिक्षा में पिछड़ा है। वहां किसी नवोदय विद्यालय की स्थापना नहीं हुई है। कृाि विद्यापीठ ने 30 एकड़ जगह लिखित रूप से भारत सरकार को दे दी। इस दिशा में अभी तक आगे कोई कदम नहीं उठाया गया। मेरा आग्रह है कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ेपन को देखते हुए वहां शीघ्र ही नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाए।